TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-110 | उज्जैन, शनिवार 07 जून 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ- 6

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में सम्मिलित हुए

**मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया**

# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बूंद सहेजे बावड़ी पुस्तक का विमोचन किया







**संजय जैन, सह-संपादक। उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा कार्यक्रम में बूंद सहेजे बावड़ी पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भगवान श्री चिंतामण गणेश के आशीर्वाद से देश प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंचे। उजैन में आयोजित की गई वेलनेस समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उजैन देश विदेश के लिए मानसिक शांति,आध्यात्म ,वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उजैन इंदौर नया फोरलेन पर भी कार्य किया जा रहा है । चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशन का उन्नयन भी किया जाएगा।मां शिप्रा को कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना और सेवारखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना से स्वछ,निर्मल और प्रवाहमान किया जा रहा है ,जिससे सिंहस्थ स्नान मां शिप्रा के जल से हो सकेगा ।सभी देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का संपूर्ण ध्यान रखने के लिए नवीन शिप्रा घाटों का निर्माण किया जा रहा है और सभी सुविधा श्रद्धालुओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सम्पूर्ण प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें संपूर्ण प्रदेश में जल संरक्षण का संदेश,जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और भू जल स्तर में सुधार पर कार्य कर जल की एक एक बूंद को संरक्षित करने के उपाय किये गये हैं।

**बावडी उत्सव** जन अभियान परिषद ने कार्यक्रम में जानकारी दी कि बावड़ी उत्सव में बावड़ियों के स्थल की जन सहभागिता से जीर्णोद्धार ,प्रकाश,साफ सफाई,साज सजा ,जल आने के मार्गो को खोलकर जल संरचनाओं को नव जीवन प्रदान किया जा रहा है। जीर्णोद्धार के पश्चात बावड़ी उत्सव अंतर्गत बावड़ी का परंपरागत पूजन भी किया जा रहा है और जलस्त्रोत संरक्षण केन्द्रित संदेश अथवा बावड़ी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी देकर जल संचय का संदेश दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में संपूर्ण अभियान में परिषद के प्रयासों से 36 लाख 34 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हुई है। परिषद् द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 30 मार्च से 05 जून तक किये गये कार्यों की संख्यात्मक जानकारी दी गई जिसमें 2139 बावड़ी सफाई , 4254 तालाब सफाई , 3468 नदी घाट सफाई ,15913 जल संगोष्ठी,1677 नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन आदि कार्य किए गए है।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रवलन और बटुकों द्वारा मंत्रोचार कर की गई। वेद ऋचाओं की गूंज के बीच मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भगवान श्री चिंतामण गणेश का पूजन किया। पूजन श्री गणेश गुरु द्वारा संपन्न करवाया गया।कार्यक्रम में गणपति अथर्वशीष का पाठ भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा बावड़ी उत्सव अंतर्गत लक्ष्मण बावड़ी का पूजन भी किया गया ।इसके पश्चात् मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम का संचालन श्री पीयूष त्रिपाठी ने किया और आभार संभाग समन्वयक श्री शिव प्रसाद मालवीय ने माना। कार्यक्रम में सांसद श्री अनिल फिरोजिया,जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर,विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा,नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव,जनप्रतिनिधि श्री संजय अग्रवाल,श्री रवि सोलंकी,चिंतामण गणेश मंदिर प्रशासक श्री अभिषेक शर्मा,पुजारी श्री राजेश गुरु,जन अभियान परिषद के कार्यपालक निर्देशक डॉ बकुल लाड़,सदस्य श्रीमती अजीता परमार,जिला समन्वयक श्री देवेंद्र शर्मा और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नाबालिग बालिका का अपहरणकर्ता पांच हजार रूपये का ईनामी आरोपी गिरफ्तार, बालिका को किया दस्तयाब




**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले पांच हजार रूपये का ईनामी बदमाश को कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वही बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि 16 मार्च को निम्बाहेड़ा कोतवाली के आक्या निवासी कमल कीर पुत्र मदनलाल कीर उसके गांव की ही एक नाबालिग बालिका को अपहरण कर ले जाने के मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण मे उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर डीबी हैबियस कॉपरस रिट याचिका में प्राप्त निर्देशो की पालना में बालिका की दस्तियाबी हेतु आरोपी व अपहरणकर्ता की तलाश के लिए पांच पांच हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की गई। एएसपी चित्तौड़गढ़ सरीता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्री लाल राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार व पुलिस जाप्ता कानि. रणजीत, विरेन्द्र सिह, रणजीत जाखड़, महीला कानि. राजबाला द्वारा नाबालिग के अपहरण के समय से काफी प्रयास कर कई अधिक सीसीटीवी फुटेज देख कर जानकारी प्राप्त की गई तो नाबालिग बालिका का अपहरण कमल कीर निवासी आक्या द्वारा करना पाया गया। कमल कीर की अन्तिम सीसीटीवी फुटेज मे अजमेर के पास दिखाई दिया जिसके आधार का आगे के पुलिस थानो पर ईस्तयार वगेरा चस्पा किये गये। आसुचना संकलन के आधार पर जानकारी प्राप्त कर अपहरण कर्ता के गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये गये। 4 जून को सुचना पर अपहरण कर्ता व अपहर्ता जोडियो की ढाणी माण्डोता सीकर मे मजदुरी करते पाए गये। बालिका को दस्तयाब कर आरोपी कमल कीर पुत्र मदनलाल कीर को डिटेन कर थाना कोतवाली निम्बाहेडा पर लाये। बालिका को परिजनो को सुपुर्द की गई तथा आरोपी कमल कीर को गिरफ्तार किया जाकर पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## अरबन कोऑपरेटिव बैंक के रजत जयंती वर्ष उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे राज्यपाल।



**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागडे शनिवार को चित्तौड़गढ़ अरबन कोऑपरेटिव बैंक की स्थापना के 25 वे वर्ष में प्रवेश करने पर आयोजित रजत जयंती वर्ष उद्घाटन एवं प्रधान कार्यालय भवन के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। बैंक के अध्यक्ष आई एम सेठिया ने बताया कि राज्यपाल शनिवार को सांय 4 बजे इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहकारी चिंतक एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक सतीश मराठे होंगे। समारोह के विशेष अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक होंगे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान: ग्राम सूरेल में कार्यक्रम आयोजित






**राजेश लोधी ( गोलू )/ जिला ब्यूरो चीफ** अशोकनगर - चंदेरी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूरेल में शुक्रवार शाम को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने सहभागिता रही यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर द्वारा आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान का हिस्सा था, जो केंद्र सरकार द्वारा 29 मई से 12 जून तक देशभर में चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और नवाचारों की जानकारी देना है। इस अभियान के माध्यम से देशभर के लगभग 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद किया जा रहा है, कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर मे 700 जिलों में 2000 से अधिक वैज्ञानिक दलों की टीम बनाई गई, जो किसानों से फीडबैक लेंगे और नवाचारों का दस्तावेजीकरण करेंगे। जिले में तीन टीमें गठित की गई, जिन्हें चंदेरी-ईसागढ़, मुंगावली और अशोकनगर क्षेत्रों में जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों की भी भारी उपस्थिति रही, जिन्होंने अधिकारियों से सीधे संवाद कर नई जानकारियां प्राप्त कीं। यह कार्यक्रम किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

इस कार्यक्रम मे कृषि उपसंचालक के.एस. कैन, डॉ. बी.एस. गुप्ता ( ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी), डॉ. के.के. यादव (उद्यानिकी विभाग), डॉ. बैजनाथ सिंह यादव ( ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर), जितेंद्र लोधी (उद्यानिकी विभाग चंदेरी), गणेश मकरैया ( कृषि विस्तार अधिकारी चंदेरी), अजय प्रजापति ( प्रधानमंत्री फसल बीमा)एवं ग्रामीण उपस्थित रहे

## क्षत्रिय ओड़ समाज ने मनाई भागीरथ महाराज की जयंती



**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** गंगा मैया को धरती पर लाने वाले ओड़ समाज के आराध्य भागीरथ महाराज की जयंती हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शुक्रवार 6 जून को क्षत्रिय ओड़ समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान क्षत्रिय ओड़ समाजजनों द्वारा भागीरथ महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किये। गौशाला में गायों को चारा डाला गया। समाजजनों ने भागीरथ महाराज को याद करते हुए उनके द्वारा सम्पूर्ण मानव हित में किये गये कामों का स्मरण किया, जिससे युगों युगों तक उनकी स्मृति चिरस्थायी बन गई। इस दौरान किशन लाल ओड़ सैंती, दुर्गेश कुमार ओड़, किशन काछीखेड़ा, गोविन्द ओड़, दिनेश ओड़, बबलू ओड़, कमलेश ओड़ सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

# थूबोंन जैन मंदिर सभागार मे भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला बैठक आयोजित

### भारत तेज़ी से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इसमें महत्वपूर्ण है - विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव







**राजेश लोधी ( गोलू )/ जिला व्यूरो चीफ** मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम थूबोन जी में आयोजित विकसित भारत का अमृत काल - सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर आधारित भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला बैठक में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव जी ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार केंद्र एवं राज्य सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और हर वर्ग के कल्याण हेतु ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि यह अमृत काल का समय है, जब भारत तेज़ी से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इसमें महत्वपूर्ण है विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने संगठन को मजबूत करने, सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और आने वाले चुनावों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी की नीति और जनसेवा की भावना को गांव-गांव तक पहुँचाना है, जिसमें ग्रामीणों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया

भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला प्रभारी दीपक भदोरिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी, मंडल अध्यक्ष रविंद्र लोधी, जिला महामंत्री रविन्द्र लोधी, जिला महामंत्री नंदलाल यादव, जिला महामंत्री मुकेश कलावत, सचिन चौधरी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामकुमार सिंघई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सिरनाम सिंह यादव, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कलावती लोधी, विधानसभा संयोजक नरेश ग्वाल, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, वरिष्ठ पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमर सिंह यादव, मंडल उपाध्यक्ष नरेश लोधी, मंडल अध्यक्ष चंद्रजीत यादव, मंडल महामंत्री डॉ जगदीश यादव, मंडल महामंत्री सेहराई यशपाल यादव, सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल यादव एवं जिले के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

# शासकीय कन्या उचतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधरोपण



**विवेक खरे,देवेन्द्रनगर**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उचतर माध्यमिक विद्यालय देवेन्द्रनगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फलदार, औषधीय और छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराना था। विद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने सभी से कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह किया। छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लिया और भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया।इस पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय ने समाज को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

# रेलवे की सड़क का नहीं हो रहा सुधार, लोग हो रहे परेशान

**अजय बचले की रिपोर्ट** आमला। रेलवे अस्पताल से स्टेशन मार्ग तक की सड़क जर्जर हो गई है, लेकिन इसका सुधार नहीं हो रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। रेलवे अस्पताल से स्टेशन मार्ग तक की सड़क की लागत 19 लाख 96 हजार रुपये थी। यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ठेकेदार मैसर्स शर्मा एन्ड सन्स इलेक्ट्रिकेट से निर्माण कराई गई थी। लेकिन सड़क निर्माण की अवधि 18 मई 2022 होने के बावजूद भी सड़क जर्जर हो गई है और इसकी गुणवत्ता में भारी गिरावट आई है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क पर गड्ढे और उबड़-खाबड़ सतह के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा और सड़क को ठीक करेगा।

**सड़क सुधार की आवश्यकता**

अब सुधार की आवश्यकता है ताकि सड़क को ठीक किया जा सके और लोगों को परेशानी से बचाया जा सके. सड़क के सुधार के लिए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और सड़क को ठीक करना चाहिए। जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और सड़क के सुधार के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे लोगों को परेशानी से बचाया जा सकेगा और सड़क की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और सड़क के सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

**तीन सालों से खराब है सड़क**

अब देखना यह है कि प्रशासन इस मुद्दे पर क्या कार्रवाई करता है और सड़क के सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा और सड़क को ठीक करेगा। प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और सड़क के सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए.रेलवे अस्पताल से स्टेशन मार्ग तक की सड़क जर्जर हो गई है और इसका सुधार नहीं हो रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है



और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और सड़क के सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## श्री मुरली मनोहर मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर चढ़ाई धर्म ध्वजा



**गौरव टांकवाल 9754518401पिपलौदा ।** श्री मुरली मनोहर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समिति के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम आचार्य ने बताया की महोत्सव की पूर्व संध्या पर बोरदिया के सुंदरकांड मंडल द्वारा भव्य सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्रातः में श्री मुरली मनोहर भगवान का भव्य महा अभिषेक हुआ तत्पश्चात यज्ञाचार्य अनिल शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ हवन पूजन सम्पन्न करवाया जिसका लाभ जयंत सिंह राठौड़ परिवार ने लिया। हवन पुर्णाहुति के पूर्व अमर ध्वजा लाभार्थी नारायण प्रसाद, श्याम बिहारी, कुलदीप पटेल परिवार द्वारा मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई व ठाकुरजी को बाल भोग चढ़ाकर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित थे।

# बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वप्रथम प्राथमिकता है - कलेक्टर डॉ बेडेकर

**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर- कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान एवं महिला बाल विकास के तहत निर्माण कार्य , जीर्णशीर्ण, जर्जर, मरम्मत शालाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया । इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रखर सिंह,अनुविभागीय अधिकारी अर्थ जैन, प्रभारी अपर कलेक्टर, विरेन्द्र सिंह बघेल , संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर , अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तपीस पांडे , डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि मिश्रा सहित महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी , एवं शिक्षा विभाग के समस्त बीआरसी एवं



सीडीपीओ उपस्थित थे। इस बैठक में संबंधित अधिकारी ने बताया कि जिले में जीर्णशीर्ण शाला एवं अनउपयोगी शाला की संख्या 257 जिसके पूर्व से ही उद्धवस्त की कार्यवाही करने के निर्देश दिए जा चुके है , सामान्य , आवश्यक एवं अति आवश्यक 640 शलाओं की मरम्मत की जाना है , । भवनहीन शाला के विरूद्ध 40 नवीन भवनो की स्वीकृति के लिए प्रकरण प्रचलित है । 97 मरम

# निःशुल्क टीकाकरण अभियान के तहत बारिश के पहले बकरीयों को लगाये जा रहे टीके

**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो अलीराजपुर- पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक द्वारा बताया गया की पशुपालन विभाग द्वारा बारिश के पहले, बकरीयों में पी.पी.आर. बीमारी की रोकथाम के लिये निःशुल्क टीकाकरण अभियान 28 मई से एक महीने के लिये चलाया जा रहा है । बकरीयों में होने वाला पी.पी.आर. रोग एक गम्भीर संक्रामक विषाणु जनित रोग है, जिससे बकरीयों में सर्दी-खाँसी के साथ नाक बहने लगती, मुह पर दाने हो जाते हैं, तेज़ बुखार और दस्त लगने के साथ ही बकरीयों की मृत्यु हो जाती है और एक बकरी से दूसरी बकरीयों में भी यह रोग बहुत तेज़ी से फैलता है ।डॉ.एम. एस. खरत ने बताया कि अभियान के**



**दौरान विभाग द्वारा बकरीयों को घर-घर जाकर टीके लगाये जा रहे है । उक्त जानकारी पशु विभाग द्वारा दी गई ।**

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों का चयन टैलेंट सर्च कार्यक्रम

**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर - ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों का चयन टैलेंट सर्च के माध्यम से दिनांक 06 जून 2025 को फुटबॉल, कराटे,एवं एथेलेटिक्स का आयोजन पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के नेतृत्व में किया जा रहा हैं । शहीद क्रांतिकारी छितुसिह किराड शासकीय महाविद्यालय



एस.डी.ओ.पी. अलीराजपुर एवं सोनू सितोलिया थाना प्रभारी/फुटबॉल प्रशिक्षक दिनेश मिस्त्री,देव पंवार/महेश अवास्या एवं दिलीप सिंह बघेल ग्रामीण युवा समन्वयक उपस्थित रहें। कराते एवं

अलीराजपुर में फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। जिसमें अलीराजपुर व चन्द्रशेखर आजाद नगर के खिलाडियों द्वारा सहभागिता की गई। पुलिस अधीक्षक श्री व्यास द्वारा खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल का शुभारंभ किया गया । टैलेंट सर्च हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, सुश्री सन्तरा निनामा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, अश्विन कुमार एथेलेटिक्स का चयन ट्रायल खेल परिसर अलीराजपुर में किया गया। जिसमें अलीराजपुर के खिलाडियों द्वारा ट्रायल में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# गणपत माली की बावड़ी पर 'बावड़ी उत्सव' का आयोजन

## जल संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित आयोजन संपन्न

**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो अलीराजपुर - विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अलीराजपुर नगर की ऐतिहासिक धरोहर गणपत माली की बावड़ी में बावड़ी उत्सव का आयोजन श्रद्धा, भव्यता और सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।**

**इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, उनकी**



**सांस्कृतिक महत्ता के प्रचार-प्रसार तथा जनसामान्य में जल संरक्षण के प्रति चेतना जागृत करना है।**

**इस दौरान दिलीप चौहान - विधायक प्रतिनिधि, गिरिराज मोदी - नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सेन - पूर्व पार्षद , गणपत जगदीश माली - बावड़ी संरक्षक,सुधीर जैन अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता ( संचालन ), आशिक उद्दीन मकरानी - वरिष्ठ नागरिक, जवानसिंह चौहान - समाजसेवी कार्यकर्ता , राम सिंह निगवाल - विकासखंड समन्वयक ,नगरिया सस्तीया एवं विमल वर्मा -**

# किसी प्रकार की बदमाशी या अव्यवस्था करने पर असामाजिक तत्व के खिलाफ की जाएगी कार्यवाही

## सभी मिल जुलकर त्यौहार हर्षउल्लास के साथ मनाए - कलेक्टर डॉ बेडेकर



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो अलीराजपुर** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर एवं पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास की अध्यक्षता में आगामी ईद उल अज़्हा , गुरूपूर्णिमा , नाग पंचमी अन्य उत्सव का दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति बैठक का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया । बैठक में डॉ के.सी. गुप्ता , बद्रीलाल गुप्ता , सदर इमतीयास खान, सानी मकरानी, रमीज़ बाबा, अनिल कुमार जैन , महेन्द्र टवली, शंकरलाल राठौड़ सहित जिले मिडिया बन्धु रफीक कुरैशी, राकेश चौहान भी इस बैठक में उपस्थित थे । इस बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने सर्वप्रथम सभी मुस्लिम समाज के उपस्थित गणमान्य नागरिकों को ईद की अग्रिम बधाई दी साथ ही उनके द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी एकत्रित की । इस दौरान शहर काजी ने बताया कि सुबह 7 बजे समाजजन शांतिपूर्वक जूलूस के माध्यम से शहर मुख्य मार्गो से ईदगाह स्थल पहुच कर ईद की नमाज अदा करेंगे ।

# ताबड़तोड़ फायरिंग कर युवक की हत्या करने के मामले में 3 गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** उदयपुर कोटा फोरलेन पर सेमलपुरा के पास स्थित एक होटल पर रविवार को एक युवक पर हुई फायरिंग से मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को जैसलमेर से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों से शुक्रवार को घटना स्थल की मौका तस्दीक करवाई गई। मामले के अन्य हमलावरों की तलाशी जारी है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि 1 जून की रात्रि को अजयराज सिंह नामक युवक पर होटल में खाना खाते समय हमलावरों ने घेरकर उसपर फायरिंग की, जिससे उसके सीने में एक गोली लगने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, मोके पर खड़ी दो कारो में बदमाशों ने आग लगा दी। घटना की गंभीरता के मद्देनजर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए प्रयास किये गए, एएसपी सरिता सिंह के मार्गदर्शन, डीएसपी चित्तौड़गढ़ विनय चौधरी के निर्देश पर थानाधिकारी कोतवाली चित्तौड़गढ़, सदर चित्तौड़गढ़, राशमी, गंगरार, बिजयपुर, भदेसर व साइबर सेल के प्रभारी के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। एक टीम थानाधिकारी सदर चित्तौड़गढ़ निरंजन प्रताप सिंह के नेतृत्व में कानि. हेमवृत, भजनलाल व भूपराज को बाड़मेर, जोधपुर व जैसलमेर की तरफ भी भेजी गई, जिन्हें सफ़लता मिली और तीन बदमाशों हर्षवर्धन, मनोज चौधरी व बद्री जाट को डिटेन किया। मामले में तीनो आरोपी राशमी थानांतर्गत सिहांणा निवासी 28 वर्षीय हर्षवर्धन सिंह पुत्र केशर सिह पंवार, भीलवाड़ा जिले के सदर थानान्तर्गत अगरपुरा निवासी 26 वर्षीय मनोज चौधरी पुत्र जमनालाल जाट व अगरपुरा के ही 24 वर्षीय बद्री जाट पुत्र परसराम जाट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शातिर बदमाश होकर उनके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी भी शीघ्र ही हो जाएगी। जिन लोगों ने अपराधियों को शरण दी या अपराध में सहयोग किया हैं, उनके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। तीनो आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपनी लिप्तता बताई। आरोपियों की गिरफ्तारी में जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी एवं उनके द्वारा गठित डीएसटी टीम की विशेष भूमिका रही।

# शासकीय सांदीपनि विधालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया



बाग-शासकीय सांदीपनि विद्यालय बाग में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर बच्चों को पर्यावरण बचाने एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया गया। संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए के कहा कि यह वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना की थीम पर आधारित रहेगा। बघेल ने प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण पर हानियों के बारे में बताया। इस अवसर पर शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं वायु दूत एप पर वृक्षारोपण के फोटो अपलोड किए। साथ ही पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया गया।

# चाँदपुर पुलिस ने बुलेरो गाडी से अवैध शराब जब्त करते आरोपी को गिरफ्तार किया




**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर के द्वारा अवैध शराब धरपकड के संबंध में निर्देश दिये गये थे । पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अलीराजपुर के मार्ग दर्शन में अवैध शराब के संबंध में मुखबीर मामुर किये गये थे सूचना दिनांक 05.06.2025 को मुखबिर से सुचना मिली की एक सफेद रंग की बुलेरो गाडी में अवैध शराब भरी होकर कदवालिया होते हुए बोकडिया रोड जा रही है तत्काल पंचान को तलब कर मुखबिर कि सूचना से अवगत करवाया बाद गाव कदवालिया रेल?वे ब्रिज पहुचे जहां पर एक सफेद रंग की बुलेरो चार पहिया वाहन आते दिखी जिसे हमराह आरक्षक व पंचानो की मदद से घेराबंदी कर बुलेरो गाडी को रोका । ड्रायवर का नाम पता पुछते अपना नाम भुवान भाई पिता जुवान भाई राठवा उम्र 24 साल निवासी गाव खरखड, थाना रंगपुर जिला छोटाउदयपुर (गुजरात) का होना बताया। बुलेरो गाडी मे भरे सामान का पुछते कभी कुछ कभी कुछ बताने लगा जिसको बुलेरो गाडी से उतार कर गाडी में देखते गोवा ०?हीस्?की, माउण्?ट बियर एवं लंदन प्राईड शराब की पैटिया भरी होना पाई गई। भुवान भाई से शराब को लाने ले जाने का परमीट व वैध दस्तावेज के संबंध में पुछते परमीट व दस्तावेज नही होना बताया गया बाद मौका संवेदनशील क्षैत्र होने से उक्त बुलेरो वाहन मय शराब तथा हमराह आरक्षक पंचान व आरोपी के थाना आए थाने परिसर पर बुलेरो गाडी में भरी शराब पेटीयो की गिनती कर गोवा ०?हीस्?की शराब बोतल की 10 पेटी, गोवा ०?हीस्?की शराब क्वाटर की 05 पेटी, माउण्?ट 6000 बियर की 10 पेटी व लंदन प्राईड शराब 05 पेटी शराब की कुल मात्रा 298.200 बल्?क लीटर कुल शराब कीमती 1,64,320 रूपये एवं महिन्?द्रा बुलेरो चार पहिया वाहन जिसका रजि0 नम्?बर तछ्छ34हृ2694 कीमती 500000 रूपये कुल शराब व वाहन की कीमत 6,64,320 रूपये की विधिवत जप्त की गई व आरोपी भुवान भाई पिता जुवान भाई राठवा उम्र 24 साल निवासी गाव खरखड, थाना रंगपुर जिला छोटाउदयपुर (गुजरात) को गिरफ्तार किया गया वापसी पर अपराध कायम क्रमांक 93/25 धारा 34(2),46 आब.एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

नोट ङ्क टीम में उपनिरीक्षक दिलीपसिंह चंदेल थाना प्रभारी चाँदपुर, प्र.आर. 385 रामचन्द्र खोड़ व आर. 245 दिनेश भवेल का सराहनिय योगदान रहा, जिनके उत्तसाह वर्धन हेतु ईनाम की घोषणा पृथक से की जावेगी।

# बारहमासी छात्रावासों का बीईओ ने किया निरीक्षण

## भोजन की गुणवत्ता से लेकर साफ सफाई और शिक्षा को परखा





**बाग - संभागीय उपायुक्त महोदय जनजातिय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास ,इंदौर ,संभाग इंदौर , के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग ,धार के मार्गदर्शन में संचालित बारहमासी शासकीय बालक आश्रम एवं उत्कृष्ट कन्या छात्रावास एवं उत्कृष्ट सिनियर बालक छात्रावास बाग़ का 04.06.2025 की शाम को विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद नायक द्वारा निरीक्षण किया गया , जहां गतिविधि आधारित शिक्षा गुणवत्ता, पर्यावरण, सांस्कृतिक कला एवं मंचीय अभिव्यक्ति को देखा गया । साथ ही आस पास का पर्यावरण स्वच्छता रहन-सहन तथा भोजन नाश्ता की गुणवत्ता इत्यादि को परखा गया । सभी व्यवस्थाएं माकूल पाई गई । विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की मेरे द्वारा लगातार छात्रावास आश्रम एवं स्कूलो का निरीक्षण किया जाता है । ओर कल भी मेरे द्वारा बारहमासी छात्रावास एवं आश्रमों का निरीक्षण किया जहां की पुरी व्यवस्थाओं को देखा भोजन की गुणवत्ता से लगाकर वहां की साफ सफाई और बच्चों की शिक्षा तक को परखा सभी होस्टलो में व्यवस्था माकूल थी कहीं कोई कमी नहीं है हां थोड़े बहूत बच्चों की संख्या जरुर कम से मगर जीतनी संख्या हे उतनी ही आगे रिपोर्ट दी जा रही है परंतु शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम घटबोरी जो बारहमासी हे परंतू वह ग्रामीण क्षेत्र में होने से बच्चे नहीं आ रहे ओर कुछ शादी ब्याह ओर कुछ गर्मी के चलते नहीं आ रहे इसलिए वहां की अधीक्षिका ने लिखकर भी आश्रम संचालित नहीं होने का दे दिया है । बाकी सभी में व्यवस्था चाक चोबंद हे बारहमासी छात्रावास ओर आश्रम बराबर संचालित हो रहे हैं । साथ ही बीईओ नायक ने सभी अधीक्षक ओर अधीक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा की आश्रम और छात्रावासो के अधिक्षक और अधीक्षिकाओं का भी अपनी संस्था के प्रति बड़ा अच्छा प्रयास रहता है जो समय समय पर सारी व्यवस्था बच्चों को मुहैय्या करवाते है ।**

# पर्यावरण को शुद्ध बनाने कवायद शुरू





**नरेश राठौड़** कुक्षी - स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , कुक्षी में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य राजेश कुमार सिन्हा तथा संस्था प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिर्वी के मार्गदर्शन में पर्यावरण प्रभारी पन्नालाल बर्फा तथा उनकी टीम के सदस्यों बी. एल. गेहलोत ,जगदीशचंद्र गुप्ता , वीरूसिंह भिड़े , दिलीपसिंह चौहान तथा वेस्ती चौहान द्वारा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण की शुरूआत की गई । गड्ढे खोदकर नीम , पीपल, बादाम आदि के पौधे लगाए गए । इस अवसर पर बालक स्कूल के शिक्षक सुभाषचंद्र मोदी तथा शासकीय हाईस्कूल बड़ग्यार के शिक्षक निर्मल चौहान भी उपस्थित थे ।

# समाजसेवी नारायण सोमानी का जन्मदिन होने पर विभिन्न संगठनो ने किया साफा बांधकर, राजस्थानी पगडी पहनाकर, केसरिया दुपट्टा ओढाकर स्वागत, सम्मान




नारायण सोमानी जावद - नगर में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाले विभिन्न संगठनो में तन, मन, धन से अग्रणी रहने वाले नेताजी नाम से सुप्रसिद्ध नारायण सोमानी का अलग, अलग मौको पर वर्षभर में 4 बार जन्मदिन आता है। चारो जन्मदिन पर नगरवासी, व्यापारी, माहेश्वरी समाजजन, प्रशंसक, पत्रकारगण सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनेतिक, चौथा स्तम्भ पत्रकार संगठन भी अलग अलग तरिको से जन्मदिन की शुभकामनाए देकर स्वागत, सम्मान करके एतिहासिक बधाई संदेश देते है जो जगजाहिर है। नगर में 4 जून 2025 बुधवार को माहेश्वरी समाज का वंशोत्पत्ति दिवस महेश जयंती के दिन तिथि के हिसाब से प्रेस क्लब जावद संरक्षक एवं जननेता नारायण सोमानी का जन्मदिन पर नगर में सबसे ज्यादा बधाईयां मिलने का रिकार्ड बरकरार रखा। वही देखा जाए तो जननेता नारायण सोमानी का जन्मदिन पर प्रशंसको ने सौशल मीडिया में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाला, उडता तीर, हिंदूवादी नेता, जो कोई नही कर सकता वह नेताजी करते है, जननेता, जावद के महानायक, जनसेवक, जावद की पहचान को दूर-दराज फैलाने वाले, उडता तीर के संपादक, राष्ट्रीय प्रवक्ता, जरूरतमंदो को गर्म ऊनी कंबल वितरित करने वाले, गौभक्त, गौमाता एवं वानरराज बंदर की सेवा, गौमाता की सेवा में तत्पर रहने वाले, 1 मिनिट के 10 सेकंड में हिंदी टाईपिंग करने वाले, सभी के दिलो की धडकन, जनता की समस्या का तुरंत समाधान करने वाले, सनातन धर्म की फताका फहराने वाले, गरीबो का मसीहा, सर्वप्रिय व्यक्तित्व, हंड्रेड डायल, सुपर हिरो अमिताभ बच्चन, निष्पर्क्ष पत्रकार, खोजी खबर, बेदाग पत्रकार सहित उपनाम नाम लिखकर एक से बढकर एक शब्दो का चयन करके बधाई संदेश दिया। हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी को अलग-अलग सम्मान समारोह में नीमच जिला प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, प्रेस क्लब जावद अध्यक्ष ओमप्रकाश कसेरा, विश्व हिंदू परिषद पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सेन, विश्व हिंदू परिषद जावद प्रखंड अध्यक्ष निरंजन गोयल, माहेश्वरी समाज के राजकुमार मुछाल, अशोक मूंदडा, राकेश राठी मालक, दिपेश पलोड, सुशील काबरा, तुषार राठी, मुकेश काबरा, संदीप कालिया, जैन समाज के बद्दू जैन, संदीप बाफना, तेरापंथ समाज के युवा अंकुर बीकानेरीया, अग्रवाल समाज के श्याम अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल बोस, सुरेश मोटू एरन, पंकज एरन, स्वर्णकार समाज के मनोहर सोनी, प्रदीप सोनी, शेलेंद्र सोनी, ब्राह्मण समाज के विजय तिवारी, अंतिम पांडे, धाकड समाज के युवा पप्पू धाकड, मनीष धाकड, निलेश नागर, भारत विकास परिषद के प्रहलाद सोनी, निरंजन गोयल, हलवाई संघ उपाध्यक्ष मुकेश बाथरा, नामदेव छीपा समाज के युवा मनोज झरिया, मनीष नागर, रेगर समाज के सुरज रेगर सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनेतिक, चौथा स्तम्भ पत्रकार संगठनो के पदाधिकारी, सदस्यगणो ने राजस्थानी पगडी, साफा बांधकर, केसरिया दुपट्टा ओढाकर, माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत, अभिनंदन करके जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाए दी।

# इंदौर-दाहोद रेल्वे लाईन 2027-28 तक पूरी होने की उम्मीद! आदिवासी अंचल को लगे उम्मीदों के नये पंख!



संजय जैन जिला ब्यूरो झाबुआ- मध्य प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य झाबुआ, धार में रेल लाईन पहूंचने की उम्मीदे जाग गई है। जिसके चलते इन आदिवासी अंचलों में विकास की गति बढ़ने की संभावनाऐं भी प्रबल हो गई है। ज्ञातव्य है कि फरवरी 2008 में तत्कालिन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इंदौर-दाहोद एवं छोटा उदयपुर-धार रेल लाईन परियोजना का उदघाटन किया था। लेकिन कांग्रेस सरकार इस परियोजना का काम तिव्र गति से प्रारंभ नहीं कर पाई। फलस्वरूप यह परियोजना ठंडे बस्ते में चली गई। लेकिन लगातार प्रयासों के चलते 2014 के लोकसभा चुनावों में नरेन्द्र मोदी ने झाबुआ की सभा में इस परियोजना को लेकर इसे पुनः प्रारंभ करने की बात कही, लेकिन उसके बाद कोरोना काल में एक बार फिर से यह परियोजना होल्ड पर रख दी गई। लेकिन अब लगातार पिछले दो-तिन सालों से परियोजना पर रेल्वे प्रशासन ध्यान दे रहा है वहीं इसके लिये पर्याप्त बजट का आवंटन भी किया जा रहा है।

रेल विभाग के अनुसार इस रेल लाईन की लंबाई 204.67 किमी है। तथा इसके अंतर्गत 41 बड़े पल पुलिया एवं 290 छोटे अंडरपास व ओवर पास शामिल है। झाबुआ जिले में पिटोल, झाबुआ, फतेहपुरा, अमलवानी और पानपुरा रेल्वे स्टेशन बनाये जाना है। इस परियोजना के लिये विगत साल दो बार में 1158 करोड़ एवं इस साल के बजट में 503.75 करोड रू. की बजट राशि आवंटीत की गई है। रेल विभाग ने इस परियोजना को पूर्ण करने के लिये साल 2028 तक की समय सिमा तय की थी। लेकिन अब उज्जैन सिंहस्थ को देखते हुए तथा पर्याप्त बजट राशि आवंटन के चलते इस परियोजना को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेल विभाग ने झाबुआ से आगे रंगपुरा से लेकर धार जिले के तिरला तक जमीनों के अधिग्रहण का काम तेज कर दिया है और इसके लिये किसानों को नोटिस दिये गये है। ताकि मुआवजा दिया जा सके।

इस परियोजना की लागत 1640.04 करोड थी जोकि अब बढ़कर 2873.11 करोड़ पर पहूंच गई है। 204.67 किमी में से 32.3 किमी का काम पूर्ण हो चुका है। जहां पर रेल चलाई जा सकती है। गुजरात के कतवारा से झाबुआ के बिच में तथा पीथमपुर से धार के बिच में काम चल रहा है। तिरला से झाबुआ के बिच में जमीन अधिग्रहण का काम नहीं हुआ है। अब इसी तरफ तेजी से जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा बांटने की और ध्यान दिया जा रहा है। गुजरात के कतवारा से लेकर झाबुआ तक रेल लाईन बिछाने का काम एवं ब्रिज बनाने का काम काफी हद तक पूरा हो चुका है, झाबुआ रेल्वे स्टेशन भी लगभग बनकर तैयार है। अगर रेल्वे विभाग पूरा ध्यान रखकर इस परियोजना पर काम करेगा तो दो साल के अंदर यह परियोजना पूरी हो सकती है।

धार जिले के पिथमपुर में टिही टनल बनाने का काम अंतिम चरण में है 2.95 किलो मिटर टनल का अधिकांश हिस्सा बनकर तैयार है। जुलाई से इस पर रेल पटरियां बिछाने का काम शुरू हो जायेगा, धार में भी ओव्हर ब्रिज बनाने एवं पटरियां बिछाने का काम चल रहा है। गुरूवार को पशिम रेल्वे के चीफ पब्लिकरिलेशन अधिकारी, सीपीआरओ, खेमराज मीना, पीआरओ, विनित अभिशेक ने टनल का निरीक्षण किया। विनित अभिषेक चीफ पब्लिक रिलेशन आफिसर पश्चिम रेल्वे ने बताया की टनल का अधिकांश हिस्सा पूरा कर लिया गया है। यह इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी टनल है और दिसबंर तक इसे पूरा कर लिया जायेगा। आपने कहा की इंदौर-दाहोद रेल्वे प्रोजेक्ट पूरा होने पर आदिवासी अंचल को काफी फायदा पहूंचेगा।

झाबुआ, धार, आलिराजपुर में रेल प्रोजेक्ट को लेकर आदिवासी अंचल में बड़ा उत्साह है आलिराजपुर में छोटा उदयपुर से आलिराजपुर तक रेल संचालन प्रारंभ हो चुका है और आलिराजपुर से जोबट तक रेल लाईन बिछाने का काम भी हो गया है। इस रेल लाईन को धार तक लाकर जोड़ा जायेगा। अब धार और झाबुआ के बिच भी रेल लाईन को लेकर रेल्वे ने काम की गति को बढ़ा दिया है ऐसे में उम्मीद है कि 2028 सिंहस्थ के पहले इस परियोजना को पूर्ण कर लिया जायेगा।

इंदौर-दाहोद एवं छोटा आलिराजपुर रेल परियोजनाओं के पूरा होने पर इस का पूरा पूरा राजनैतिक लाभ भी भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा ऐसे में झाबुआ-आलिराजपुर-रतलाम संसदीय सीट और धार संसदीय सिट तथा विधानसभा चुनावों में धार, झाबुआ और आलिराजपुर आदिवासी विधानसभा सिटों पर भी भाजपा को बढ़त मिलने की संभावना रहेगी।

# आदेश के बाद भी न्याय अधूरा.. नामांतरण की जंग में भटक रही क्रेता पूजा

## धारा 109-110 के तहत मिला आदेश, SDM का भी स्पष्ट निर्देश - फिर भी नहीं हुआ नाम दर्ज; हल्का पटवारी और तहसील कार्यालय में लगा रही चक्कर पे चक्कर



**राकेश ग्वाला** गरोठ--ग्राम साठखेड़ा, जिला मंदसौर की क्रेता पूजा पति अनिल धाकड़ को अपनी खरीदी गई ज़मीन पर नामांतरण का आदेश तो मिल गया, लेकिन इंसाफ अब तक अधूरा है। मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 109 व 110 के तहत 1 मई 2025 को पारित आदेश और 4 अप्रैल 2025 को स्षरूगरोठ के स्पष्ट निर्देश के बावजूद उनका नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो सका है। पूर्ण दस्तावेज़ और प्रमाण प्रस्तुत करने के बाद भी जब अमल न हो — तो जनता व्यवस्था पर भरोसा करे भी तो कैसे?

**यह विचारणीय प्रश्न है---?** उल्लेखनीय है कि पीड़ित पुजा धाकड़ ने अपनी समस्या को लेकर पिछले माह फरवरी माह में जिला जनसुनवाई में लोटन यात्रा कि थी, जिला अधिकारी के आश्वासन के बाद भी पीड़ित भटक रहे हैं।

# 15 साल से चौकीदारी, फिर भी नहीं बढ़ा वेतन 3 महीने से फूटी कौड़ी नहीं!

## गरोठ वन मंडल के चौकीदारों का छलका दर्द रात को बिना साधन करते हैं रेस्क्यू, लेकिन अधिकारी दिखाते हैं बेरुखी



राकेश ग्वाला गरोठ। वन मंडल गरोठ के अंतर्गत मेलखेड़ा, बर्गमा, शामगढ़ क्षेत्र में 10-15 साल से चौकीदारी कर रहे श्रमिकों ने बड़ा खुलासा किया है। चौकीदार शंकरसिंह, दशरथ, विक्रमसिंह और सुरेशकुमार ने बताया कि न तो उनका वेतन कभी बढ़ाया गया और न ही उन्हें कलेक्टर रेट से भुगतान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वे रात्रिकालीन ड्यूटी, रेस्क्यू जैसे जोखिमभरे कार्यों में भी शामिल रहते हैं, लेकिन आज तक सुरक्षा के लिए कोई साधन नहीं मिला। सबसे बड़ी पीड़ा ये है कि तीन महीने से वेतन तक नहीं मिला, जिससे परिवारों की हालत बदहाल हो गई है। चौकीदारों ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को सूची पहले ही सौंप दी थी, फिर भी वेतन नहीं मिला। कुछ अफसरों के चहेते लोग फील्ड में बिना काम किए वेतन उठा रहे हैं, जबकि वर्षों से सेवा कर रहे चौकीदारों को नजरअंदाज किया जा रहा है। चौकीदारों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बकाया वेतन दिया जाए, कलेक्टर रेट लागू हो और कार्य के अनुरूप संसाधन मुहैया कराए जाएं।

# पादुका पूजन कर गुरूवंदना के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय महोत्सव

## अखंड किर्तन की पूर्णाहुति के साथ महाआरती और महाप्रसादी का लाभ लिया

**संवाददाता = धर्मेश सोनी पेटलावद।** श्रीजी पादुका स्पर्श महोत्सव के 15 वें आयोजन का गुरूवार को पादुका पूजन के साथ तीन दिवसीय अखंड संकिर्तन की ऐतिहासिक रूप से पूर्णाहुति हुई। अरूणोदय वेला में संकिर्तन की पूर्णाहुति वेद मंत्रों के साथ अभिषेक करते हुए भक्तों पर पुष्प वर्षा कर की गई। गुजरात से आये भक्तों ने लगातार तीन दिन तक अखंड संकिर्तन में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करा। इसके साथ ही नगर व थांदला वैकुंठधाम के गुरू भक्तों ने भी अपना सहयोग दे कर आयोजन को सफल बनाया। संकिर्तन की पूर्णाहुति के साथ ही अन्नपूर्णा पूजन का शुभारंभ हुआ और इसके पश्चात आयोजन की महत्वपूर्ण कडी पादुका पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों भक्तों ने शामिल हो कर भगवान की पादुका पूजन की और श्री जी पाद स्पर्श महोत्सव का लाभ लिया। पादुका पूजन का शुभारंभ अध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट ने पूजन व अभिषेक कर के किया इसके पश्चात गुरूभक्तों ने पादुका पूजन का लाभ लिया। पादुका



पूजन के दरम्यान गुरू भक्ति के भजनों का आनंद गायक कलाकारों ने दिया। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक पादुका पूजन का क्रम चला। इसके पश्चात गुरूभक्तों ने मिलकर महाआरती का लाभ उठाया जिसमें हजारों की संख्या में गुरूभक्तों की उपस्थिति में महाआरती और स्तुति गाई गई। इसके पश्चात महाप्रसादी का लाभ भी हजारों भक्तों ने लिया। महाप्रसादी के लिए सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं ने भी पूर्ण निष्ठा से सेवा दी।

**भावुक हुए भक्त।** आयोजन के दरम्यान भावुक पल जब आए जब गुरूभक्तों की विदाई का समय आया। तीन दिन से लगातार सेवा दे रहे गुरूभक्तों को समिति के सदस्यों ने विदाई दी। जिसमें गुरूभक्तों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा हमेशा की गई। तीन दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन भगवान का तीन बार आरती और श्रृंगार किया गया। आयोजन का उद्देश्य गुरूदेव के प्रथम बार नगर आगमन की याद को चिरस्थाई बनाये रखना है। और गुरूभक्तों को मिलन का एक अवसर प्रदान करना है। इस आयोजन में गुजरात,महाराष्ट्र और राजस्थान सहित मध्यप्रदेश के गुरूभक्तों ने अपनी उपस्थिति दी।

**आभार माना।** आयोजन के सफलतापूर्ण संपन्न होने पर समिति के सदस्यों ने गुरूभक्तो और धर्म प्रेमी जनता के प्रति आभार प्रदर्शन किया और सभी जनों से हर वर्ष इसी प्रकार सहयोग बनाये रखने की अपील करते हुए गुरूभक्ति का लाभ लेने का निवेदन किया गया।

# भारतीय संस्कृति में कृषि कर्म को पूजा माना गया है

**भारत की आत्मा उसकी धरती है, किसान उसकी धड़कन है**

**विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अधिकारी कर रहे किसानों से सीधा संवाद**





**राकेश दुबे रिपोर्टर** बरेली । केन्द्र तथा मध्यप्रदेश सरकार की मंशानुरुप विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि सहित कई विभागों के अधिकारी किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। शुक्रवार को बरेली के समीप खरगोन, अहमदपुर एवं जामगढ़ में अभियान के तहत खेती के नए तरीकों एवं वैज्ञानिक तथा परंपरागत ज्ञान और सतत संवेदनशील कृषि की ओर बढ़ने की जानकारी साझा करने के लिए ग्राम पंचायतों के सभा कक्षों में संगोष्ठी आयोजित की गई। रथ के माध्यम से भी गांवों में जानकारियां दी गई। बताया गया है कि विकास खंड बाड़ी के 18 ग्राम पंचायतों में यह आयोजन होना है। एक दिन में तीन ग्राम पंचायतों में किसानों से संवाद किया जाता है। 12 जून तक यह कार्यक्रम चलेंगे।

**इन विभागों के अधिकारी रहे शामिल** विकसित कृषि अभियान कार्यक्रम में गांव गांव जाकर किसानों को कृषि वैज्ञानिक , कृषि विभाग,उद्यानिकी विभाग,पशुपालन विभाग,आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी किसानों को अपने अपने विभागों की जानकारी से अवगत करा रहे है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खरगोन, अहमदपुर एवं जामगढ़ में वैज्ञानिक दल पहुंचा, इस दल ने कृषकों को धान फसल में कीट, रोग नियंत्रण,मृदा परीक्षण,खरीफ फसल में पोषक तत्व प्रबंधन, नरवाई प्रबंधन, बीजोपचार,उन्नत किस्में, उद्यानिकी फसलों,पशुओं में रोग निदान,प्राकृतिक खेती आदि की जानकारी किसानों को दी गई। जिसमें कई विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे। उप संचालक कृषि रायसेन दुष्यंत धाकड़, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जी.एस. रैकवार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप द्विवेदी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धरम सिंह पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी विकास मालवीय, बी.एस.पबैया, उद्यानिकी अधिकारी राकेश जाट , पशुपालन विभाग अधिकारी बी. एस. धाकड़ सहित भाजपा मंडल खरगोन के अध्यक्ष अभिषेक रघुवंशी, भगवान सिंह नेताजी, खरगोन के सरपंच विनोद त्रिपाठी, धीरेन्द्र पटेल, सचिव अमित दीक्षित, अहमदपुर सरपंच श्रीमती मनोरमा घनश्यामसिंह पटेल, जामगढ़ में सरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, मंडल उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, उत्तम नारायण तिवारी,मदनलाल दीक्षित, शिवा शर्मा, उमेद लोधी, मनीष याज्ञवल्क्य, जीतेन्द्र शर्मा , कमल सिंह मेहरा आदि सहित कई किसानों की उपस्थिति रही।

**धरती भारत की आत्मा, किसान धड़कन-अभिषेक रघुवंशी** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी में खरगोन ग्राम पंचायत में बोलते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष खरगोन के अध्यक्ष अभिषेक रघुवंशी ने कहा कि भारत की आत्मा उसकी धरती है और उसकी धड़कन किसान हैं। कृषि हमारी सभ्यता की नींव रही है।वैदिक काल से ही कृषि न केवल आजीविका का साधन रही,बल्कि समाज की समृद्धि का मानक भी रही है। पारंपरिक कृषि पद्धतियों में प्रकृति से संतुलन, ऋतुओं का ध्यान, बीज-संरक्षण और पशुपालन जैसे आयाम जुड़े थे। इसे और बेहतरीन करने के सरकार की मंशा के अनुसार किसानों की उन्नति के लिए वैज्ञानिक पद्धति और सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे गांव और किसानों तक पहुंचे इसलिए सभी विभागों के अधिकारी किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष अभिषेक रघुवंशी ने कहा कि ड्रोन, जीआईएस, सॉइल हेल्थ कार्ड, और एआई आधारित कृषि-परामर्श जैसी तकनीकें किसानों तक पहुँच रही हैं।

**महिलाएं कृषि कार्य में निभा रहीं शसक्त भूमिका-मनोरमा घनश्यामसिंह पटेल** ग्राम पंचायत अहमदपुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान गोष्ठी में सरपंच श्रीमती मनोरमा घनश्यामसिंह पटेल ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के आगमन ने कृषि को नए आयाम दिए हैं। हरित क्रांति, सिंचाई परियोजनाएं, ट्रैक्टर, थ्रेशर, कीटनाशक, उन्नत बीज — इन सबने उत्पादन में वृद्धि की है। आज की कृषि बाज़ार आधारित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ भी कृषि-कार्य में सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

**कृषि संस्कृति, अर्थव्यवस्था और अध्यात्म का संगम-मनोज शर्मा** भगवान श्रीकृष्ण की ससुराल जामवंत गुफा के लिए विख्यात ग्राम पंचायत जामगढ़ में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में भाजपा मंडल खरगोन के उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि कृषि हमारे अतीत की जड़ है, वर्तमान की धुरी है और भविष्य की आशा। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर हमें आधुनिकता को अपनाना है, वहीं परंपरागत ज्ञान और धार्मिक चेतना को सहेजते हुए सतत और संवेदनशील कृषि की ओर बढ़ना है। कृषि केवल उत्पादन नहीं, वह संस्कृति, अर्थव्यवस्था और आध्यात्म का संगम है। किसान उत्तम नारायण तिवारी सहित तीनों स्थानों पर अनेंक किसानों ने भी अपनी कृषि जिज्ञासा के तहत अधिकारियों से संवाद करते हुए समाधान चाहा।

# रेगुलर, नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण सरकार की निरंतर प्रक्रिया

## राज्य स्तरीय वित्तीय इंटेलिजेंस सेल की है जिम्मेदारी

## सभी कोषालय अधिकारियों को डाटा की पुष्टि के लिए दिए निर्देश

राजू पटेल नीमच राज्य शासन द्वारा रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से नियमित रूप से किया जा रहा है। यह एक निरंतर प्रक्रिया है। इस संबंध में कार्यालय आयुक्त एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समय-समय पर पत्र लिखकर डाटा की पुष्टि के लिए निर्देश दिए गये है। आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत एक राज्य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एस.एफ.आई.सी.) संचालित है जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डाटा का विश्लेषण करता है। जिसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। इस सेल द्वारा ऐसे लगभग 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण किया गया, जिनके पिछले चार महिनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों के विवरण का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित डी.डी.ओ. से करवाये जाने हेतु आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। यह एक निरंतर प्रक्रिया है जो समय-समय पर आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा की जाती है। माह दिसंबर 2024 के डाटा का परीक्षण कर पाया गया कि ऐसे कर्मचारी हैं जिनके एम्पलाई कोड आवंटित है किंतु सेवानिवृत्ति तिथि की प्रविष्टि नहीं हुई है। आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में एग्जिट प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है, फिर भी चार माह से वेतन आहरण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को संबंधित डाटा प्रदान कर 15 दिन में कारण सहित पुष्टि करायी जाए। उनके द्वारा वेतन आहरण किस कारण से नहीं किया जा रहा है। आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से प्राप्त जानकारी को कार्यालय आयुक्त कोष-लेखा को अवगत कराया जायेगा। यदि डेटा के सत्यापन में कोई त्रुटि संज्ञान में आती है तो संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा के माध्यम से तत्काल प्रतिवेदन भेजा जाना होगा। इससे स्पष्ट है कि रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई के डाटा संबंधी परीक्षण और निरीक्षण एक सामान्य और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

# भाजपा की संकल्प से सिद्धि अभियान की जिला स्तरीयकार्यशाला संपन्न

## राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए भाजपा कार्यकर्ता हमेशा तैयार रहते हैं - श्याम शिवहरे

## कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही पार्टी शीर्ष पर है - लखन पटेल








दमोह – भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों के संबंध में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को लेकर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मध्य प्रदेश सरकार के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पथरिया विधायक लखन पटेल, जिला प्रभारी सतानंद गौतम, हटा विधायक उमादेवी खटीक, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, कार्यक्रम के जिला प्रभारी जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, रमन खत्री, अमित बजाज, अरुण तिवारी और जिला मंत्री संजय यादव ने मां भारती और पार्टी के पितृ पुरुषों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने आप में पूर्ण होता है संगठन से लेकर सरकार तक की गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी एक एक कार्यकर्ता को होती हैं सुनने और सीखने वाला कार्यकर्ता ही आगे बढ़ता है, भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रनिर्माण के लिए हमेशा तैयार रहता हैं, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ और आम जनता तक जाना है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व मे हमारी सरकार 11 वर्ष पूर्ण करने जा रही है और इस उपलक्ष्य में पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान का आगाज करने जा रही है जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होती हैं, हम सब वह लोग हैं जिसके कारण भाजपा शीर्ष पर पहुंच पाई हैं, उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विश्वास पर खरा उतरने वाले ही सफलता हासिल करते है इसलिए विश्वास के साथ कार्य करते रहे।

जिला प्रभारी सतानंद गौतम ने कहा कि हम केन्द्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को बूथ स्तर तक ले जायेंगे। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जिला, मंडल तथा बूथ स्तर तक आयोजित किये जायेंगे तथा जन जन के पास सरकार की नीतियों तथा उपलब्धियों पर आम जन से चर्चा करेंगे, आज जिस भारत की तस्वीर हमारे सामने है एक दशक पूर्व की स्थितियां ऐसी नहीं थी आज हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं, हमें कार्यकर्ताओं के माध्यम से ये बात जनता तक पहुंचानी है। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस था इस दिन से आगामी दो मास तक हमे व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम करना है जिसमे समस्त जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता आपना योगदान देंगे।

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला प्रभारी संजय सेन ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी जी के सत्ता में आने से लेकर आज तक जो भी सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के कार्य किए सभी वर्ग के उत्थान के लिए किए। आगामी 9 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। बदलता भारत मेरा अनुभव के साथ विकसित भारत की परिकल्पना भी शामिल हैं। कार्यकर्ता सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के लाभ? से वंचित हितग्राहियों को इस योजना से जोडें और उनको लाभान्वित करें। जिलास्तर एवं मंडल? स्तर? पर? इसके लिए कार्यशालाएं आयोजित होंगी और आप? सब सरकार की उपलब्धियों का पूरा ब्यौरा लेकर जनता के बीच जायेंगे। पर्यावरण संरक्षण जिला प्रभारी रमन खत्री ने बताया कि 5 जून से 15 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम की जानकारी दी जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र पर 50 पौधे लगाने जायेंगे साथ ही उन पौधों का संरक्षण भी किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित को होने वाले जिला और मंडल स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी जिला मंत्री संजय यादव ने दी। आपातकाल के 50 वर्ष के काले अध्याय के बारे में जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी ने 23 जून डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस से शुरू होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी जो 6 जुलाई तक आयोजित होंगे।

इस कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, चंदभान पटेल, जिला मंत्री अनिता खरे, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, आई टी रिंकू गोस्वामी, सहित मोर्चा अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष और अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

## पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

**विवेक खरे,देवेन्द्रनगर विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर परिषद देवेंद्रनगर द्वारा चिल्ड्रन पार्क परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन किया और सभी ने पर्यावरण दिवस पर संकल्प लिया कि हर दिन छोटे छोटे प्रयासों से प्रकृति की रक्षा करेंगे और धरती को स्वच्छ हरा भरा बनाने में योगदान देंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.के तिवारी,एम एस बुंदेला उपयंत्री,पारुल जैन तहसील अध्यक्ष वैश्य समाज,प्रगिता जैन ब्रांड एम्बेसडर,मो शमी पार्षद,सपना यादव पार्षद,कमलेश राजे बुंदेला,रामेश्वर गुप्ता,रमेश गर्ग विवेक खरे,ललित गुप्ता,अशोक कुशवाहा,सोने लाल वर्मा,नीरज यादव,स्टाफ व नागरिक उपस्थित हुए ।**





# एक दवा निराली 15 सेकण्ड की ताली : ऋषि





ताली है निरोगी जीवन की चाबी, रगडो चरण पाओ यौवन, यह बात आयुष्मन भव ट्रस्ट एवं रिसर्च सेन्टर से पधारे अरुण ऋषि ने 2म.प्र. बटालियन एनसीसी के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, समाट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के परिसर में चल रहे के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नवम दिवस कैडेट्स को एक्यूप्रेशर के माध्यम से जीवन को निरोगी बनाने हेतु आवश्यक सूत्र बताते हुए कही। उन्होंने मनुष्य के हाथ में विद्यमान डेस्ट्रोयर, कूलर, हीलर, पावर पाइन्ट को बताया और विभिन्न प्रकार के तरीकों का समस्त प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एनसीसी कैडेट्स को अभ्यास कराया। सभी ने जिज्ञासापूर्वक एक्यूप्रेशर चिकित्सा की पद्धति को समझा। कैडेट्स ने तनाव प्रबन्धन के कौशल के बारे में जाना। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट संकल्प मिश्र ने सभी को तनाव के प्रभाव एवं इससे होने वाले शारीरिक, संवेगात्मक, व्यवहारगत परिवर्तनों को समझाया। सेकण्ड आफिसर सुरेश भीमावद ने प्राकृतिक स्त्रोतों के संरक्षण एवं प्रबन्धन पर प्रकाश डाला।

## कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की डॉक्टरों पर बड़ी कार्यवाही

### कलेक्टर श्री मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरदारपुर की बीएमओ डॉ. मुझाल्दा को हटाया

### 13 अन्य डॉक्टर्स एवं कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए

धार, – कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरदारपुर की निरीक्षण प्रतिवेदन रिपोर्ट के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरदारपुर की मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला मुजाल्दा को हटाया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरदारपुर द्वारा विगत गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरदारपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। जिसमें कई अनियमितता पाई गई। डॉ. शीला मुझाल्दा का अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर व्यवस्थाओं को लेकर कोई नियंत्रण ना होने व डॉक्टर्स, कर्मचारियों की अनुपस्थिति पायी गई। उक्त लापरवाही के चलते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरदारपुर की मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला मुझाल्दा को हटाया जाकर डॉ. अरूण मोहरानी पीजीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरदारपुर को अन्य आगामी आदेश तक खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरदारपुर का प्रभार सौंपा गया है। इसी के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरदारपुर के अन्य 13 डॉक्टर्स व कर्मचारियों जिनमें फिजियोथेरेपिल्ट नीलम पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन द्विवेदी, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. नितीन जोशी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल पाटीदार, बंध पत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रुति मकवाना, डॉ. अनुकृति दीक्षित, दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. सपना कुमारी, डॉ. शिवांगिनी जोशी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुषी मित्तल, संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक सोलंकी, स्टोर कीपर राहुल भारती एवं फार्मासिस्ट शतार्ची अग्रवाल के अस्पताल में अनुपस्थित रहने व अनियमितताओं के चलते अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश जारी करते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन द्विवेदी, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. नितीन जोशी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल पाटीदार द्वारा शासन के निर्देशों की अवहेलना किए जाने पर 15 दिवस एवं अन्य का एक-एक दिवस का वेतन काटते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। पत्र प्राप्ति के तीन दिवस में अपने स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए। स्पष्टीकरण अप्राप्त अथवा संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# प्राइम रूट बस ऑनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश पंजीकृत इंदौर ने पत्र के माध्यम से मांग की

## परिवहन विभाग द्वारा नवीन अस्थाई/स्थाई अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिए नई परिवहन नीति बनाने बाबत।



इंदौर- प्राइम रूट बस ऑनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश,पंजीकृत प्रधान कार्यालय -सरवटे बस स्टैंड इंदौर

पत्र क्रमांक 93/परमिट /2025 दिनांक 06/06/2025 से एक पत्र

1/-श्री माननीय मोहन यादव जी मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश शासन भोपाल
2/-श्री मान मनीष सिंहजी
सचिव,, परिवहन विभाग भोपाल
3/-श्रीमान विवेक शर्मा जी
परिवहन आयुक्त
परिवहन विभाग ग्वालियर/भोपाल
4/-श्रीमान दीपक सिंह जी
संभागायुक्त
प्रभारी, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार
इंदौर संभाग इंदौर
5/-श्रीमान प्रदीप शर्मा जी
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी*
इंदौर संभाग इंदौर

को लिखते हुए मांग की है कि- विषय - परिवहन विभाग द्वारा नवीन अस्थाई/स्थाई अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिए नई परिवहन नीति बनाने बाबत।

माननीय महोदय, माननीय उत्तराखंड उच्च न्यायालय देहरादून ने अपने न्याय निर्णय एक 2010 ए सी सी 301 में कहा है कि卐 सार्वजनिक सड़कों का अनेक आवेदनों को मनमाने ढंग से परमिट प्रदाय करके मानव जीवन को खतरे में डालने के लिए दौड़ाने का स्थल नहीं बनाया जा सकता है। माननीय उच्च न्यायालय ने 2010 के पूर्व सभी माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय का न्याय निर्णय का भी उल्लेख किया है ।तदुपरांत माननीय उच्च न्यायालय ने इस निर्णय से सुस्पष्ट पैरा नंबर 12 में कहा एक ही मोटर व्हीकल एक्ट 1988 एवं उसके नियमों की पूर्ति के लिए प्रशनागत मार्ग का सर्वे कराकर, सर्वे रिपोर्ट का परीक्षण किया जावे तथा इस प्रशनागत मार्ग पर कितनी यात्री बसें बढ़ाना है। ( संलग्न न्याय निर्णय यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि दिल्ली, मुंबई ,मद्रास, कोलकाता के समान ,,मध्य प्रदेश में कोई भी बड़ा मेट्रो शहर नहीं है जहां पर आबादी का गणित जोड़ा जाए, वही मध्य प्रदेश में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर ,जबलपुर के समान अन्य छोटे शहर जैसे बड़वानी, खरगोन, रीवा ,शहडोल, गुना, खंडवा, अलीराजपुर , झाबुआ, बुरहानपुर उज्जैन के समानता की बड़े शहरों से तुलना नहीं जा सकती है । वर्तमान में मध्य प्रदेश परिवहन विभाग सह समय चक्र एवं समान समय चक्र पर मनमाने तरीके से क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारों द्वारा स्वयं के विवेक को ध्यान में रखते हुए यात्री बसों के परमिट दिए जा रहे हैं जिसके कारण पूरे प्रदेश में परमिटों की बाढ़ लगी हुई है अर्थात जिस अनुपात में परमिट दिए जा रहे हैं उसी अनुपात में यात्रियों की संख्या नगण्य है। परंतु कम अवधि के जारी परमिटों कि स्पर्धा से दुर्घटनाओ का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है । इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त न्याय निर्णयों का अवलोकन करें एवं मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारों द्वारा जारी अनुज्ञा पत्रों पर रोक लगाई जावे तथा नई परिवहन नीति बनाई जावे जिसमें नियम अनुसार मार्गों का सर्वे ,,जनता की आवश्यकता अनुसार नए अनुज्ञा पत्र ( परमिट ) हेतु संभाग स्तर पर त्रिपक्षी कमेटी बनाई जावे जिसमें बस आनर्स ऐसोसिएशन के पदाधिकारीगण को शामिल किया जावे।* आशा है हमारे इस ज्ञापन पर आप उचित कार्रवाई कर मध्य प्रदेश की नवीन परिवहन नीति को सार्थक करेंगे । ए गए है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन द्विवेदी, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. नितीन जोशी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल पाटीदार द्वारा शासन के निर्देशों की अवहेलना किए जाने पर 15 दिवस एवं अन्य का एक-एक दिवस का वेतन काटते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। पत्र प्राप्ति के तीन दिवस में अपने स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए। स्पष्टीकरण अप्राप्त अथवा संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# धर्मांतरण के लिए लोगो को प्रेरित कर रहै अमेरिकन सिटीजन को पुलिस ने किया गिरफ्तार......



इंदौर के विजय नगर थाना क्षेत्र के मल्हार मेगा मॉल में अमेरिकन सिटीजन द्वारा लोगो को धर्मांतरण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा था जिसमें अमेरिकन सिटीजन द्वारा हिन्दू समाज के लोगों को कहा जा रहा था कि हिन्दू समाज से अच्छा क्रिश्चन समाज है विजय नगर पुलिस ने धर्मांतरण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है ।

दरअसल पूरा मामला इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र के मल्हार मेगा मॉल का है जहां अमेरिका का रहने वाला स्टीफन नामक व्यक्ति द्वारा राउ क्षेत्र में रहने वाले राजेश पटेल को धर्मांतरण करने के लिए कहा जा रहा था स्टीफन द्वारा राजेश पटेल को कहा जा रहा था कि हिन्दू देवी देवताओं और हिन्दू समाज से अच्छा क्रिश्चन समाज है स्टीफन द्वारा राजेश पटेल पर जबरन दबाव बनाया जा रहा था जिस पर राजेश पटेल द्वारा विजय नगर पुलिस में धर्मानतरण अधिनियम के धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है आरोपी स्टीफन को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है

# विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**शीराज भाई बंगडवाला** खरडु बडी- गुरुवार दिनांक 05/06/2025 को संभाग समन्वयक अमित शाह ,जिला समन्वयक प्रेम सिंह चौहान, ब्लॉक समन्वयक तेज सिंह देव की उपस्थिति में विश्व पर्यावरण दिवस, एवं जल गंगा सर्वधान अभियान के अंतर्गत सामूहिक श्रमदान एवं शपथ ग्रहण एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण विकासखंड रामा के आदर्श ग्राम पंचायत कोकावद के ग्राम नरसिंहरूडा बाबा देव एवं शिवमंदिर पहाड़ी पर वृक्षारोपण किया गया , आदर्श ग्राम के बोर्ड का अनावरण, जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, एवं वाचनालय का शुभारंभ व अवलोकन किया गया। नवांकुर संस्था प्रमुख एवं परामर्शदाताओं की समीक्षा बैठक भी ली गई, कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष बाबूलाल पाल,एवं देवीसिंह पाल द्वारा किया गया । स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा विकासखंड समन्वयक तेजसिंह देव द्वारा रखी गईं ।जिला



समन्वयक प्रेमसिंह चौहान द्वारा परिषद की प्रस्फुटन योजना के बारे में ग्रामीण जनों को बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद् के संभाग इंदौर समन्वयक अमित शाह द्वारा सर्व प्रथम प्रेरणा गीत ,,हम जैसे चलते है ।तुम भी चलो ना ,, के साथ अपनी बात रखी, ग्रामीणों को सरल शब्दों में समझाया गया आदर्श गांव का महत्व उदाहरण देकर समझाया गया कि भगवान राम की कथा का वर्णन कर एक आदर्श ग्राम की परिकल्पना को कैसे मूल रूप समाज दे सकता है। बताया गया आपके ग्राम नरसिंहरुंडा को आदर्श ग्राम के रूप में पूर्व में भी कोविद-19 के समय टीकाकरण में पूर्ण रूप से टीकाकरण युक्त ग्राम बनकर आपने एक मिशाल कायम की है ।उसी कार्य से आपके ग्राम को पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उसी दौरान, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम में आपके ग्राम नरसिंहरुंडा का जिक्र किया था ।और इस ग्राम में आपको प्रस्फुटन समिति के माध्यम से योजनाओं का लाभ लेना ओर ग्रामीणों को जन सूचना केंद्र से जोड़ कर सभी को लाभ दिलवाने का कार्य करे, पौधा रोपण करना एवं उसे। संरक्षित रखना हम सभी ग्रामीणों का कर्तव्य है । पौधे को बड़ा करके पेड़ बनाकर अपने ही गांव के बच्चों के लाभ लेना और आपने ही द्वारा उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त के लिए राजेश जी सोयडा शकुंतला समाज सेवी की ओर से आभार व्यक्त किया गया। जिसमें उपस्थित नवांकुर संस्था प्रमुख एवं परामर्श दाता श्रीमति सोनम बामनिया, क्रान्ति व्यास, रत्नेश डोडियार, अर्पित भूरिया, हेमेंद्र अग्रवाल , करण सिंह परमार, मुनालाल डामोर, मुनिया जी हिहोर, दिलीप बामनिया, कमल पाल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सी एम् सी एल डी पी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1।0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - 9 14826006, 8643056464, 9 115154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)